कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 06.06.2026

// प्रेस विज्ञप्ति //

"विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण"

शा. डॉ. वॉ.वॉ. पाटणकर स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि - पर्यावरण संरक्षण हम सबका महत्वपूर्ण दायित्व है, पर्यावरण प्रदूषण से मनुष्य के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ता है। अतः पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाना है। साथ ही पर्यावरण को शुद्ध बनाये रखने के लिए वृक्षारोपण के साथ ही उसकी सुरक्षा का संकल्प भी आप सब को लेना चाहिए। डॉ. सुषमा यादव राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वृक्षों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेते हुए पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने हेतु आप सबकी सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए। महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण किया गया। पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में कु. पद्मावती ठाकुर- प्रथम, हीना, आरती निर्मलकर - द्वितीय, वैभवी साहू, मानसी नेताम- तृतीय स्थान पर रही। निबंध प्रतियोगिता में सुषमा बांधे-प्रथम, तुष्मा नेताम -द्वितीय, नीलिमा साहू -तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में डॉ. रेशमा लाकेश, डॉ. अनुजा चौहान, डॉ. लता मेश्राम, डॉ. मोनिया राकेश, डॉ. ऋतु दुबे उपस्थित रही। श्री विजय यादव, श्री ओम ठाकुर एवं श्री बल्ला वैष्णव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया।

6.6.2026

प्रभारी प्राचार्य

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P. G. College, Durg (C.G.)